दिन—रविवार दिनांक— 21 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. आज दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के रेड रोड पर योगाभ्यास किया।

02. योग दिवस पर पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित हुआ मुख्य समारोह। मुख्मंत्री सम्राट चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास।

03. देश भर में नीट—यूजी की परीक्षा आज दोबारा आयोजित की जा रही है। प्रदेश के चौंतीस जिलों में बने केन्द्रों पर एक लाख छप्पन हजार से अधिक परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल।

04. और, जदयू की राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषद की बैठक आज पटना में। कई मुद्दों पर होगी चर्चा।

———————————————————————

देशभर में आज 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है बढ़ती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग। मुख्य आयोजन आज पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में रेड रोड पर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में योगाभ्यास का नेतृत्व कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि योग पूरे विश्व को एक साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

———साउंड बाईट———

प्रधानमंत्री मोदी ने योग को शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट साधन बताया।

———साउंड बाईट———

कई केंद्रीय और राज्य मंत्री भी कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों को बधाई दी है। श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि योग शरीर को स्वस्थ, मन को शांत और जीवन को शांतिपूर्ण बनाता है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का प्रतीक है, जो मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।

———————————————————————

योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास किया। योग शिविर में केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा पटना सहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी योगाभ्यास किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिहं मुजफ्फरपुर में, नित्यानंद राय उजियारपुर में और सतीष चन्द्र दुबे वाल्मीकिनगर में योग कार्यक्रम में शामिल हुये। वहीं, विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से भी योग शिविर के साथ योग दिवस पर अलग–अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पटना उच्च न्यायालय में भी इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुंगेर, शेखपुरा और अररिया समेत सभी जिलों के शैक्षणिक संस्थानों में भी योग शिविर आयोजित किये गये।

———————————————————————

स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नीट की आज दोबारा परीक्षा ली जा रही है। परीक्षा में बाईस लाख उनासी हजार से अधिक उम्मीदवार शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा भारत के पांच सौ इक्यावन और विदेशों के चौदह शहरों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा में अंग्रेजी तथा बारह भारतीय भाषाओं में उत्तर देने का विकल्प है। परीक्षा से पहले, कल राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए ने मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। वहीं, परीक्षा के लिए राज्य के चौंतीस जिलों में तीन सौ इकतीस केन्द्र बनाये गये हैं। राज्य सरकार ने कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। परीक्षा में एक लाख छप्पन हजार से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की सम्भावना है। इधर, नीट–यूजी पुनर्परीक्षा को लेकर पटना में कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा भवन के आस–पास विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गयी है। कई मार्गों पर वन–वे ट्रैफिक लागू रहेगा। ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने और शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए कई मार्गों पर डायवर्जन लागू किया जाएगा।

———साउंड बाइट———

इधर, परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग की ओर से विशेष बसों का परिचालन किया जा रहा है। साथ ही रेलवे की ओर से भी नीट अभ्यर्थियों के लिए विशेष ट्रेनें चलायी जा रही हैं।

———————————————————————

जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषद की बैठक आज पटना के कर्पूरी सभागार में आयोजित हो रही है। अलग–अलग होने वाली बैठकों में पार्टी की रणनीति और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा होगी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद ने बताया कि सुबह में राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी, जिसमें परिषद के सभी निर्वाचित पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके बाद राज्य परिषद की बैठक होगी। इधर, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में मंत्री, सभी सांसद, विधायक और एमएलसी मौजूद रहेंगे।

———साउंड बाइट———

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने पार्टी पदाधिकारियों की सूची जारी की। नई कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष, पांच महासचिव और छह सचिव बनाए गए हैं। मधुबनी से विधायक माधव आनंद को एक बार फिर प्रधान महासचिव बनाया गया है। अरविंद वाजपेयी को राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता सह–मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी है। पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा है कि नई टीम सामाजिक न्याय, सुशासन और विकास के एजेंडे को संकल्प के साथ आगे बढ़ायेगी।

———————————————————————————

उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि सरकार उद्योग और निवेश के लिए एक सक्षम प्रतिस्पर्धी और निवेश के अनुकूल महौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पटना में प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ समन्वय बैठक में कहा कि हर तीस से पैंतालीस दिन के अन्दर उद्योग संगठनों के साथ बैठक आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार सरकार को नीति निर्धारित करने में मदद मिलेगी।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सत्तरवीं संयुक्त परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में दो हजार सत्ताईस अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार ने परीक्षा परिणाम जारी करते हुए बताया कि पांच सौ तिरानवे अंक प्राप्त कर श्रद्धा पांडेय टॉपर बनी हैं। वहीं, पांच सौ बानवे अंकों के साथ शंशाक गौरव सेंकेंड टॉपर बने हैं, जबकि आयुष विजय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वर्ष दो हजार चौबीस में आयोजित सत्तरवीं बीपीएससी संयुक्त परीक्षा के पीटी में चार

लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इस परीक्षा में बारह सौ बयासी पुरूष और सात सौ पैंतालीस महिला अभ्यर्थी सफल हुये हैं। टॉप टेन में पांच महिला अभ्यर्थी हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुये कहा कि राज्य के विकास में अपना सकारात्मक सहयोग दें। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ दायित्व निभाने की अपील है।

———————————————————————————

प्रदेश में जमीन से जुड़े सभी दस्तावेज अब ऑनलाईन ही मिलेंगे। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश भेज दिया है। निर्देश में कहा गया है कि ऑफलाईन मोड में दस्तावेज जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। विभाग की उपनिदेशक मोना झा ने इस संबंध में कहा है कि सभी प्रकार के राजस्व अभिलेखों की केवल डिजिटल हस्ताक्षरी प्रतियां ही भू–अभिलेख पोर्टल के माध्यम से दी जायेगी। सरकार ने कहा है कि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण से जमीन संबंधी धोखाधड़ी पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि वर्ष उन्नीस सौ छियानवे से अब तक के दस्तावेज डिजिटल कर दिये गये हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव आ रहा है। दक्षिण बिहार में तपिश की स्थिति बरकरार है जबकि उत्तर बिहार के कुछ जिलों में बारिश की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। विभाग ने नवादा और पश्चिम चंपारण जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———साउंड बाइट———

इधर, राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने भभुआ, भोजपुर और बक्सर जिले में लू चलने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीट परीक्षा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने नीट परीक्षा पर लिखा है– अभूतपर्वू इंतजामों के बीच आज दोबारा नीट, मुख्य सचिव और डीजीपी खुद कर रहे निगरानी।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर लिखा है– भरत तिवारी मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच के आदेश।

दैनिक भास्कर ने बीपीएससी परीक्षा परिणाम पर लिखा है– सत्तरवीं बीपीएससी श्रद्धा टॉपर, टॉप सौ में पैंतालीस महिलाएं।

प्रभात खबर ने केन्द्र सरकार के निर्देश को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– लाभ से ज्यादा नुकसान की आशंका वाली सोलह एफडीसी दवांए हुई बैन।

राष्ट्रीय सागर लिखता है– पीएम किसान योजना के तहत नौ करोड़ चौवालीस लाख किसानों के खातों में भेजे गये अठारह हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रूपये।

आज अखबार की सुर्खी है– पॉलिटेक्निक संस्थानों में शुरू होंगे नये कोर्स।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. आज दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के रेड रोड पर योगाभ्यास किया।

02. योग दिवस पर पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित हुआ मुख्य समारोह। मुख्मंत्री सम्राट चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास।

03. देश भर में नीट–यूजी की परीक्षा आज दोबारा आयोजित की जा रही है। प्रदेश के चौंतीस जिलों में बने केन्द्रों पर एक लाख छप्पन हजार से अधिक परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल।

04. और, जदयू की राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषद की बैठक आज पटना में। कई मुद्दों पर होगी चर्चा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।